डिजिटल पेमेंट पर 4000 रूपये तक का कैशबैक

बीएसईएस उपभोक्ताओं के लिए अब तक की सबसे कड़ी स्कीम

नई दिल्लीः 27 फरवरी, 2018। अपने बिजली बिल का ड्यू डेट से पहले और डिजिटल तरीके से भुगतान कर, बीएसईएस उपभोक्ता मार्च महीने में 4000 रूपये तक का कैश बैक ले सकते हैं। यह बीएसईएस उपभोक्ताओं के लिए खास तौर पर लाई गई अब तक की सबसे बड़ी कैशबैक स्कीम है।

इस कैशबैक स्कीम का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को मार्च महीने के अपने बिजली बिल का भुगतान ड्यू डेट से पहले करना होगा, और साथ ही अप्रैल माह के बिल का भुगतान भी मार्च में ही करना होगा। स्कीम का हिस्सा बनने के लिए उपभोक्ता का बिजली बिल कम से कम 100 रूपये का होना चाहिए।

कैशबैक की रकम मार्च महीने के लिए 10 रूपये से 2000 रूपये के बीच रहेगी। उपभोक्ता अप्रैल के बिल पर भी इतनी की रकम का कैशबैक ले सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें अप्रैल के बिल का प्री–पेमेंट करना होगा। यानी, अप्रैल का बिल उन्हें मार्च में ही भुगतान करना पड़ेगा। इस तरह, उन्हें मार्च के बिल भुगतान पर 2000 रूपये तक का और फिर, अप्रैल के बिल के प्री–पेमेंट पर अलग से 2000 रूपये तक का कैशबैक मिलेगा। यानी, मार्च महीने में दोनों भुगतानों पर उन्हें कुल 4000 रूपये तक का कैशबैक मिल सकता है।

बिल का यह भुगतान उन्हें उन्हें पेटीएम की वेबसाइट या मोबाइल ऐप के माध्यम से करना होगा। भुगतान के वक्त प्रोमो कोड के तौर पर बीएसईएस2000 का इस्तेमाल करें। बिल भुगतान के 24 घंटे के भीतर उपभोक्ता के पेटीएम अकाउंट में कैशबैक क्रेडिट कर दिया जाएगा।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक, डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के साथ–साथ, समय पर बिल भुगतान करने वाले बीएसईएस उपभोक्ताओं को वित्तीय लाभ पहुंचाने के लिए भी हम निरंतर प्रयासरत हैं। इसके लिए अपने अपने साझीदारों के साथ मिलकर समय–समय पर हम ऐसी पहल लॉन्च करते रहते हैं, जिनसे हमारे उपभोक्ताओं को सीधा फायदा मिले।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।